उत्तर प्रदेश स्टेट इण्डस्ट्रियल
डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड
मे0 स्वर्णिम रियल इस्टेट प्रा0 लि0,
1/1, प्रथम तल, इन्दिरा विकास,
मुखर्जीनगर,
नई दिल्ली–91

upsidc

यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
A-1/4, लखनपुर
पोस्ट बाक्स नं. 1050
कानपुर – 208 024
दूरभाष : 582851-53 (PBX)
फैक्स : 0512-580797
वेबसाइट: www.upsidc.com

संख्या– 133/एसआईडीसी/प्र0नि0कैम्प दि0: 05-07-2013

**विषय: औद्योगिक क्षेत्र ट्रोनिकासिटी के व्यावसायिक भूखण्ड सं0 सी–1, सेक्टर ए–5/6 के मानचित्र के संबंध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनॉक–18.05.2013 का संदर्भ लेने का कष्ट करें, जो उपरोक्त व्यावसायिक भूखण्ड का भवन मानचित्र दिनॉक–30.04.2007 को स्वीकृत किया गया था, उसी के अनुसार निर्माण कार्य कराया गया, परन्तु तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता द्वारा दिनॉक–07.09.2007 को उक्त स्वीकृत मानचित्र निरस्त कर दिया गया, को पुर्नबहाली किये जाने विषयक है।

इस संबंध में सूचित करना है कि आपके अनुरोध, निर्माण की वर्तमान स्थिति एवं अधिशाषी अभियन्ता द्वारा किये गये भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति एवं आख्या के आधार पर मानचित्र स्वीकृति दिनॉक–30.04.2007 तथा निरस्तीकरण पत्र निर्गत किये जाने के मध्यावधि में पूर्व स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने के फलस्वरूप पूर्व दिशा/ग्रीन बेल्ट/45 मी0 सी.सी. रोड की ओर सेट बैक में शिथिलता सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान किये जाने का निर्णय पुर्नविचार करते हुए निम्नलिखित शर्तों सहित निरस्तीकरण पत्र दिनॉक--07.09.2007 को वापस लेते हुए बहाल किया जाता है। इस प्रकार उत्तर में 18 मी0 दक्षिण में 18 मी0पश्चिम में 06 मी0 तथा पूर्व में 04 मी0 सेट बैक रखते हुए भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान की जा रही है ।

1. भवन की अद्यतन निर्माण की स्थिति पर अग्निशमन अधिकारी का अनापत्ति पत्र पुन प्रस्तुत किया जाए।
2. भवन से पहुँच–मार्ग ग्रीन बेल्ट से मुख्य मार्ग पर भविष्य में नहीं खोला जाए।
3. स्वीकृत मानचित्र में वर्तमान निर्माण के अनुसार संशोधन किया जाय।
4. सेट बैकों में किये गये निर्माण को स्वयं ध्वस्त करना होगा।
5. एफ0ए0आर0 तथा भू–आच्छादन पर फ्लोरवाइज ऐज–बेल्ट मानचित्र में/के अनुसार पूर्व स्वीकृत मानचित्र से अधिक का निर्माण होने पर शमनित शुल्क निगम को देय होगा।

भवदीय,

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

संलग्नक: मूल मानचित्र की 05 प्रति।

सं0 /एसआईडीसी/ दि0

प्रतिलिपि:–

परियोजना अधिकारी, ट्रोनिका सिटी, यूपीएसआईडीसी, गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक